प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 16.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में नवनियुक्त स्नातक और इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्यों को सौंपें नियुक्ति पत्र, आज खूंटी को देंगे बार काउंसिल भवन की सौगात।**
2. **एम्स के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने देवघर पहुंचे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, बाबा मंदिर में की पूजा–अर्चना।**
3. **डीजीपी अनुराग गुप्ता आज सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक, दुर्गा पूजा के लिए की जा रही सुरक्षा तैयारियों की करेंगे समीक्षा।**
4. **नयी तकनीक का प्रयोग करने वाला राज्य का पहला जिला बना गुमला, एआई और डीपसीक के सहारे जिज्ञासा शांत करेंगे विद्यार्थी।**
5. **लगातार बारिश से डेंजर लेवल के करीब पहुंचा तिलैया डैम का जलस्तर, चार फाटक खोले गये, 15 गांवों में विशेष सतर्कता।**

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में आयोजित एक समारोह में आज गणित और विज्ञान विषय के 137 स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों और गोड्डा जिले के चयनित 213 इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपा। श्री सोरेन आज खूंटी में जिला अधिवक्ता संघ परिसर में बार भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही वे खूंटी के कचहरी मैदान में एक विशाल आमसभा को भी संबोधित करेंगे।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एम्स के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने देवघर पहुंचे हैं। देवघर एयरपोर्ट पर डीआईजी अंबर लकड़ा, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग समेत अन्य अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल कई मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। इससे पहले राज्यपाल ने बाबा मंदिर में पूजा–अर्चना भी की।

****

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आज सभी जिलों के वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। शाम चार बजे से होने वाली इस बैठक में दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर राज्य में की जा रही सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की जायेगी।

****

भाजपा ने राज्य में कई संवैधानिक संस्थानों में पद रिक्त होने पर सरकार पर फिर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने लोगों को बचाने के लिए संवैधानिक संस्थानों को पंगू बना रखा है।

भाजपा के इन आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि सरकार रिक्त पदों को भरने को लेकर गंभीर हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने नियुक्तियों में जाति प्रमाणपत्र को लेकर यह स्पष्ट कर दिया कि किसी भी नियुक्ति प्रक्रिया में विज्ञापन की तिथि के बाद जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। ऐसे मामलों में अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा और उन्हें अनारक्षित श्रेणी में माना जाएगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में सकारात्मक बदलावों के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यों का उल्लेख किया जा रहा है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश भर में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान चलाया जायेगा। झारखंड में भी इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। इस राष्ट्रीय अभियान के तहत पंचायत स्तर से लेकर मेडिकल कॉलेज तक हर जगह स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। अभियान के तहत विशेष फोकस महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर होगा।

****

गुमला जिले में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं। इस कड़ी में स्मार्टफोन का सहारा लिया गया है। यहां के विद्यार्थी **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** और **डीपसीक** के जरिये अपनी जिज्ञासा शांत करेंगे। इन नयी तकनीकों का प्रयोग करने वाला गुमला राज्य का पहला जिला बन गया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर शून्य दशमलव चार प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। अंतिम समाचार मिलने तक, सेंसेक्स 360 अंक बढ़कर 82 हजार 145 पर और निफ्टी 104 अंक बढ़कर 25 हजार 173 पर कारोबार कर रहे थे।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 2 हजार 9 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 36 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

कोडरमा में लगातार बारिश के बाद तिलैया डैम का जलस्तर फिर से बढ़ा गया है और डैम की सुरक्षा के मद्देनजर 4 फाटक खोल कर पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है। इससे प्रति सेकेंड 500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। डैम का फाटक खोले जाने से पहले कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, जामताड़ा और धनबाद जिला प्रशासन को अलर्ट भेजा गया। आसपास के गांवों को भी माइकिंग के जरिये सतर्क किया गया है और लोगो को डैम और नदी से दूर रहने की सलाह दी गई है।

******समाप्त*******